## Regarding Bharat Ratna to Savitribai Phule

**डॉ. संघमित्रा मौर्य (बदायूं):** धन्यवाद महोदय, मैं आपके माध्यम से इस देश के यशस्वी प्रधान मंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी का ध्यान केंद्रित करना चाहूंगी । इस सदन के माध्यम से मैं पूर्व में भी महिलाओं की शिक्षा पर कार्य करने वाली और बच्चियों के लिए प्रथम स्कूल खोलने वाली माता सावित्री बाई फुले जी की चर्चा कर चुकी हूं तथा उनकी जयंती पर महिला शिक्षिका दिवस घोषित करने की मांग भी कर चुकी हूं, लेकिन अभी पूर्व में बीते 31 दिसम्बर को इस देश के यशस्वी प्रधान मंत्री मोदी जी ने मन की बात में माता सावित्री बाई फुले जी की जयंती पर अग्रिम बधाई देते हुए उनके कार्यों की जब चर्चा की, तो मन में एक बार पुन: जिज्ञासा जागृत हुई और उसका कारण यह भी है कि इस वक्त हमारे देश के यशस्वी प्रधान मंत्री जी के माध्यम से महापुरुषों और समाज सुधारकों को लेकर कार्य किए जा रहे हैं । उनको सम्मान देने का कार्य हो रहा है, इसलिए मैं आपके माध्यम से आदरणीय प्रधान मंत्री जी से मांग करती हूं कि अपने कार्यकाल में ही माता सावित्री बाई फुले जी की जयंती पर महिला शिक्षिका दिवस एवं बाबा ज्योतिबाफुले जी को भारत रत्न दिया जाए । धन्यवाद ।